न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर,सवाईमाधोपुर
पीठासीन अधिकारी–श्री बलदेव सिंह हाडा

5/1

...संख्या 282/14

तारीख रजू– 15/10/14

...रया जाति मीना निवासी डोब तहसील बजीरपुर।

–– अपीलार्थी

बनाम

...जरिये तहसीलदार,बजीरपुर।

–– रेस्पो0

––––––

निर्णय

दिनांक– 08/06/15

...र्थी ने यह अपील राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,1956 की धारा 75 के अन्तर्गत ...दार,बजीरपुर द्वारा मिसल संख्या 126/14 मे पारित आदेश दिनांक 04/03/14 के विरूद्व ...की है जिसके द्वारा अपीलार्थी को ग्राम डोब की आराजी खसरा नम्बर 1183 रकवा 0.34 ...चरागाह भूमि पर संवत 2070 रवि मे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर कब्जा काश्त करने का ...उक्त भूमि से बेदखल किये जाने, अर्थदण्ड स्वरूप शास्ति आरोपित करने के साथ साथ ...जब्त सरकार किये जाने व अपीलार्थी को पश्चातवर्ती अतिचारी मानते हुए सिविल कारावास ...के दण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया गया हैं।

...अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी की तलबी जरिये नोटिस की गई तथा ...आदेश संबंधी अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली तलब की गई। रेस्पो0 की ओर से ...पैरोकार उपस्थित आये तथा अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली प्राप्त होने पर बहस उभय ...सुनी गयी।

...विद्वान वकील अपीलार्थी ने अपील मे वर्णित तथ्यो का हवाला देते हुए बहस मे तर्क दिया कि ...अधीनस्थ न्यायालय खिलाफ कानून व रूएदाद मिसल होने के कारण निरस्त किये जाने योग्य ...आराजी खसरा नम्बर 1183 रकवा 0.34 हैक्टर भूमि पर अपीलार्थी का कभी कब्जा काश्त नही रहा ...पटवारी हल्का ने बिना मोका निरीक्षण किये हुए कयास मात्र के आधार पर अतिक्रमण की झूठी ...पेश करदी है व अपीलार्थी को बिना सुने अदालत मातहत ने अपीलाधीन निर्णय पारित किया है ...निरस्तनीय है। विद्वान वकील अपीलार्थी ने बहस मे तर्क दिया कि विवादित भूमि हरिसिंह पुत्र ...जाति मीना की खातेदारी की भूमि है जिसे गलत रूप से चरागाह मे दर्ज कर दिया है जिसका ...दुरूस्ती का दावा न्यायालय सहायक कलेक्टर गंगापुरसिटी के यहां विचाराधीन है। अपीलार्थी ...बटाई पर उक्त भूमि को काश्त करता है लेकिन पटवारी हल्का ने इन सब तथ्यो की जॉच ...किये अपीलार्थी के विरूद्व पश्चातवर्ती अतिचार की रिपोर्ट अदालत मातहत मे पेश करदी है व ...अदालत मातहत ने भी अपीलार्थी को सुने बिना पटवारी हल्का की रिपोर्ट व बयान को आधार ...मान कर अपीलाधीन निर्णय पारित कर दिया है जो निरस्तनीय है। अतः अपील अपीलार्थी ...स्वीकार की जाकर अदालत मातहत का निर्णय निरस्त किया जावें।

...विद्वान राजकीय पेरोकार ने बहस मे तर्क दिया कि अपीलार्थी ने अदालत मातहत द्वारा ...04/03/14 को पारित निर्णय की अपील 01/10/14 को प्रस्तुत की है तथा विलम्ब से प्रस्तुत ...करने का कोई समुचित कारण अंकित नही किया है। अतः अपील अपीलार्थी मियाद बाहर होने के ...कारण निरस्त होने योग्य है। विद्वान राजकीय पेरोकार ने बहस मे यह भी तर्क दिया कि आदेश जेरे ...अपील पारित करने से पूर्व सुनवाई सबूत का अवसर दिया है तथा पश्चातवर्ती अतिचार के क्रम मे

...अतिरिक्त जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

...-282/14

...जांच करने के उपरान्त ही आदेश पारित किया है जिसमे कोई अनियमितता नही है। अतः ...अपीलार्थी खारित की जावें।

...विद्वान वकील अपीलार्थी व पेरोकार राज की बहस सुनने तथा अपीलार्थी द्वारा अपील मे ...तथ्यो व अपीलाधीन आदेश संबंधी पत्रावली का अवलोकन करने के पश्चात हम इस निष्कर्ष ...पहुंचे है कि अदालत मातहत द्वारा आदेश जेरे अपील पारित करने से पूर्व अपीलार्थी अतिक्रमी को ...रूप से सुनवाई सबूत प्रस्तुत करने हेतु सुनवाई तिथि 04/03/14 का पश्चातवर्ती अतिचार ...नोटिस जारी किया गया है ऐसी अवस्था मे अपीलार्थी का यह कथन मानने योग्य नही है कि ...सुनवाई सबूत का अवसर नही दिया गया हैं। जहां तक अपीलार्थी को अतिक्रमित आराजी पर ...अतिचारी मानते हुए सिविल कारावास की सजा का आदेश पारित किये जाने का प्रश्न है तो ...के अवलोकन से यह प्रकट होता है कि अपीलार्थी को पूर्ववर्ती अतिचार के क्रम मे मोके से ...रूप से कब बेदखल किया गया बेदखली रिपोर्ट की प्रति पत्रावली मे शामिल नही है। ...वर्ती अतिचार के क्रम मे सिविलि कारावास की सजा करने से पूर्व अपीलार्थी को अतिक्रमित ...से पूर्व मे भोतिक रूप से बेदखल करने की भौतिक बैदखली की रिपोर्ट पत्रावली होना ...है जिससे पश्चातवर्ती अतिचार की पुष्टि हो सके। इस प्रकरण मे पटवारी हल्का की ...वर्ती अतिचार की रिपोर्ट व बयान के अलावा पूर्व बेदखली की रिपोर्ट का अभाव पाया जाता है ...कारण अपीलार्थी के पश्चातवर्ती अतिचार की जॉच करवाया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः अपील अपीलाण्ट आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है जिसमे बेदखलीशास्ति व फसल ...कर नीलामी का आदेश तो यथावत रखा जाता है तथा सिविल कारावास की सजा को निरस्त ...प्रकरण तहसीलदार,बजीरपुर को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि अपीलार्थी के ...मित आराजी पर पश्चावर्ती अतिचार की जॉच कर पूर्व बेदखली रिपोर्ट को पत्रावली मे शामिल ...हुए नवीन सिरे से अपीलार्थी के विरूद्व नियमानुसार निर्णय पारित करें।

निर्णय आज दिनांक 08/06/2015 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(बलदेव सिंह हाडा)
अतिरिक्त जिला कलेक्टर,
सवाईमाधोपुर